विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर

---

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 16(क) | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि बी0बी0डी0 विश्वविद्यालय लखनऊ के छात्रों को छात्रवृत्ति दिलायें जानें के संबंध में प्रश्नकर्त्ता का पत्र दिनांक 11 जून, 2024 जो कि विशेष सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हां। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दुओं पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? | निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पत्र दिनांक 05-12-2024 द्वारा अवगत कराया गया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 से सम्बन्धित है तथा छात्र श्री सचिन गुप्ता के आधारबेस बैंक खाते में आनलाइन छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति धनराशि के प्रेषण की कार्यवाही की गयी थी, किन्तु तत्समय ट्रांजेक्शन फेल होने के कारण धनराशि का अन्तरण नहीं हो पाया था, किन्तु माह अक्टूबर, 2024 में फेल ट्रांजेक्शन की धनराशि प्रेषण की कार्यवाही की गयी थी, जिसमें श्री सचिन गुप्ता का नाम भी सम्मिलित था। पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार छात्र श्री सचिन गुप्ता के बैंक खाते में दिनांक 25-10-2024 को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की कुल धनराशि रू0 53,850/- अन्तरित हो चुकी है। |
| (ग) | क्या, उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (घ) | यदि नही, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता है। |

**योगेन्द्र उपाध्याय**
**मंत्री**